Seventeenth Loksabha

an>

-

14.12 hrs

The Lok Sabha then reassembled at Twelve Minutes past Fourteen of the Clock.

(Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair.*)

माननीय सभापति : नियम-377 – श्री राजेश वर्मा जी ।

Title: Regarding utilisation of vacant defence land in Sitapur, Uttar Pradesh.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सीतापुर (उत्तर प्रदेश) के जनपद सीतापुर में सेना की सैकड़ों एकड़ भूमि खाली है, जिसमें कुछ भूमि हमारे सीतापुर शहर के अन्दर भी आती है । पड़ी हुई खाली भूमि के उपयोग के लिये एवं शहर की सीमा के अन्दर खाली भूमि को बाजार भाव पर जनता को देने का पूर्व में अनुरोध किया गया था, जिस संबंध में रक्षा मंत्रालय के द्वारा लिखित रूप में यह जवाब दिया गया था कि जल्द ही इस खाली पड़ी हुई भूमि पर सेना की गतिविधि शुरू होगी, परन्तु आज तक इस संबंध मे रक्षा मंत्रालय के द्वारा किसी प्रकार की कोई भी गतिविधि नही हुई है । अतः मैं रक्षा मंत्री जी से माँग करता हूँ कि रक्षा मंत्रालय द्वारा किये गये निर्णय का अनुपालन कराने के निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें ।